सिंचाई परियोजनाओं का पूरा होना

558. **श्री राम जेठमलानी: क्या जल संसाधन** मंत्री यह बताने की **कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या यह सच **है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना** के दौरान 158 बड़ी **तथा 226 मध्यम सिंचाई परियोजनाएं** निष्पादन के लिए तथा **95 सिंचाई परियोजनाएं** पुनरुद्धार हेतु लम्बित पड़ी **थीं और इनके पूरा होने के लिए** 40,000 करोड़ रुपए **की धनराशि की आवश्यकता है;**

(ख) यदि हां, **तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

(ग) ऐसी सिंचाई **परियोजनाओं की कुल संख्या** कितनी है, जिनका **कार्य आठवीं पंचवर्षीय योजना** के दौरान पूरा हो जाने **की संभावना है; और**

(घ) ऐसी परियोजनाओं **की संख्या कितनी है, जिनके** नवीं पंचवर्षीय योजना **में पूरा होने हेतु लम्बित रहने की** संभावना है?

जल संसाधन मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र): (क) और (ख) जी, हां। **158 बृहद, 226 मध्यम और 95** विस्तार/नवीकरण/आधुनिकीकरण **सिंचाई परियोजनाएं** 40,563 करोड़ रुपये **की अनुमानित लागत पर 8वीं** योजना में आगे ले **जाई गई थी। आठवीं योजना के** दौरान इन परियोजनाओं **के लिए अन्य कई स्कीमों (14** बृहद, 15 मध्यम **और 24 विस्तार/** नवीकरण/आधुनिकीकरण **स्कीमें) के लिए 22,415** करोड़ रुपए का परिव्यय **निर्धारित किया गया था।** आठवीं योजना के **दौरान इन परियोजनाओं पर 20,720** करोड़ रुपए का व्यय **होने की संभावना है।**

(ग) 38 बृहद, **100 मध्यम और 45** विस्तार/नवीकरण/आधुनिकीकरण **परियोजनाएं आठवीं** योजना के दौरान पूरा **किए जाने की संभावना है।**

(घ) 134 बृहद, **176 मध्यम और 74** विस्तार/नवीकरण आधुनिकीकरण **परियोजनाएं नवीं** योजना में जारी रहने **की संभावना है।**

योजना आयोग के अनुमोदन हेतु लंबित सिंचाई परियोजनाएं

559. श्री **राम जेठमलानी: क्या जल संसाधन** मंत्री यह बताने की **कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या यह सच **है कि योजना आयोग ने देश में** सिंचाई की सुविधा **उपलब्ध कराने के लिए अब तक** अनेक मझोली तथा **बड़ी परियोजनाओं के निर्माण का** अनुमोदन किया है;

(ख) यदि हां, **तो विभिन्न क्षेत्रों में इन परियोजनाओं** की संख्या कितनी **है; और**

(ग) इन स्वीकृत **परियोजनाओं में से ऐसी** परियोजनाओं की संख्या **कितनी है, जो अप्रैल, 1996** तक मूल समयानुसार **पूरी हो गई थी?**

जल संसाधन मंत्री **(श्री जनेश्वर मिश्र):** (क) से (ग) योजना आयोग **द्वारा अनुमोदित और मार्च, 1996** तक पूर्ण बृहद और **मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का** राज्यवार ब्यौरा **दर्शाने वाला विवरण संलग्न है।**

विवरण

योजना आयोग द्वारा अनुमोदित और मार्च, 1996 तक पूर्ण बृहद और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की राज्यवार संख्या नीचे लिखे अनुसार है:—

क्र० सं०	राज्य	योजना आयोग द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं की संख्या		पूर्ण परियोजनाओं की संख्या	
		बृहद	मध्यम	बृहद	मध्यम
1.	आंध्र प्रदेश	8	54	1	39
2.	असम	7	13	2	7
3.	बिहार	27	68	17	48
4.	गुजरात	21	86	10	68
5.	हरियाणा	7	—	4	—
6.	हिमाचल प्रदेश	—	4	—	3
7.	जम्मू और कश्मीर	—	15	—	9